प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों के दौरे पर रवाना, कहा–यह साझीदार देशों को सीमापार आतंकवाद समाप्त करने में सहयोग के लिये धन्यवाद देने का अवसर।
2. उत्तराखंड के गौरीकुंड में हेलिकॉप्टर हादसे में सभी 7 लोगों की मौत, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताई शोक संवेदना।
3. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा –राज्य में जैविक खेती की असीम संभावना, दस साल में जैविक उत्पाद के बाजार में 20 प्रतिशत का विकास संभव, किसानों को दूसरे राज्यों का करायेंगे भ्रमण।
4. हजारीबाग में बिरहोर जनजाति की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण, जिला प्रशासन द्वारा भू–माफियाओं पर कार्रवाई जारी।

5. और राज्य में एआई तकनीक से होगी हाथियों की सुरक्षा, पश्चिम सिंहभूम जिला में चक्रधरपुर रेलवे मंडल ने 'एलीसेंस लाइव' नामक एआई सिस्टम को रेलवे ट्रैक पर किया लागू।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की पांच दिन की यात्रा पर रवाना हो गए। प्रधानमंत्री ने प्रस्थान से पहले कहा कि साइप्रस भारत का एक निकट सहयोगी है और भूमध्यसागरीय क्षेत्र तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण भागीदार है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से ऐतिहासिक संबंधों और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में संबंध मजबूत करने में सहायता मिलेगी। श्री मोदी ने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति अपने दृढ़ समर्थन के लिए धन्यवाद देने का अवसर है।

*******************

उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में, गौरीखंड के निकट, खरग के पवर्तीय क्षेत्र में, आज सवेरे एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट के साथ छह तीर्थ यात्री सवार थे जो केदारनाथ के दर्शन के बाद गुप्तकाशी लौट रहे थे। हादसे में हेलिकॉप्टर सवार सभी लोगों की मौत हो गई । इस हादसे पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक जताया है। एक्स हैंडल पर अपने पोस्ट में राज्यपाल ने दिवंगतों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि बाबा केदार उन्हें यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि मरांग बुरु दिवगंत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने पोस्ट में लिखा है कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक–संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

*******************

चारधाम में हेलीकॉप्टर सेवा पर अगले आदेश तक रोक लग गई है । हेलिकॉप्टर क्रेश होने के बाद यह फैसला लिया गया है। यूकाड़ा और डीजीसीए ने यह रोक लगाई है।

*******************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखंड में जैविक खेती की असीम संभावनाएं हैं। यहां अगले 10 साल में जैविक उत्पाद के बाजार में 20 प्रतिशत का विकास संभव है। इसके लिए एसओपी बनाकर किसानों को घोषित जैविक राज्यों का दौरा कराना होगा। ताकि झारखंड के किसान जैविक खेती की उपयोगिता को समझने के साथ इसके बाजार को समझ सकें। कृषि मंत्री रांची में आयोजित बायर और शेलर मीट–2025 के कार्यक्रम में बोल रही थीं। वहीं मौके पर विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी है।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि खेल में असीम संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार, खेल और खिलाड़ियों के विकास को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल खिलाड़ियों की हर संभव मदद कर रही है, बल्कि उनके सम्मान में भी कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है। मंत्री जामताड़ा में आयोजित झारखंड स्टेट सब–जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहे खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया।

*******************

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ अंचल क्षेत्र में बिरहोर जनजाति की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। चलंगा मौजा में सरकार द्वारा बिरहोर जनजाति को बंदोबस्त की गई 3 एकड़ से अधिक भूमि पर भू–माफियाओं द्वारा फर्जी कागजात के सहारे कब्जा करने का मामला सामने आने पर अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने यह कार्रवाई की।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने पेयजल घोटाले में आरोपी संतोष कुमार की 42 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने पेयजल विभाग की ओर से दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के आधार पर इस घोटाले की जांच शुरु की थी। विभाग ने दो करोड़ रुपये की फर्जी निकासी के मामले में आरोपी लिपिक संतोष कुमार के खिलाफ़ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ईडी ने प्रारंभिक जांच के दौरान संतोष के खाता के सहारे 23 करोड़ रुपये की निकासी का मामला पकड़ा था। ईडी द्वारा पेयजल घोटाले से जुड़े दूसरे लोगों के मामले में अभी जांच जारी है।

*******************

धनबाद जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने सरकारी स्कूलों का वातावरण और परिणाम सुधारने को लेकर व्यापक योजना बनाई है। सुधार की शुरुआत जिले के 137 सरकारी हाई स्कूलों से की जाएगी।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का चुनाव आगामी 19 जुलाई को होगा। इस दौरान ट्रस्टी, अध्यक्ष, महासचिव सहित अन्य पदों के लिए सदस्यों के बीच से चुनाव होगा। आदित्यपुर ऑटो कलस्टर के सभागार में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है । इससे पहले बैठक में वितीय वर्ष 2023–25 की अवधि का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

*******************

पश्चिम सिंहभूम जिला में पहली बार रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के माध्यम से हाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल ने 'एलीसेंस लाइव' नामक एआई सिस्टम को रेलवे ट्रैक पर लागू किया है, जो हाथियों की उपस्थिति का तुरंत पता लगाकर अधिकारियों को अलर्ट करेगा। इस तकनीक को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा चिड़ियाघर से दो प्रशिक्षित हाथियों को लाकर सिस्टम को ट्रेनिंग दी जा रही है। इस नवाचार का उद्देश्य हाथियों को ट्रेनों की टक्कर से बचाना है।

*******************

आज वरिष्ठ नागरिक दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा को रोकने के प्रति जागरूकता बढ़ाकर बेहतर समझ को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टोल–फ्री एल्डर लाइन हेल्पलाइन नंबर – 1 4 5 6 7 जारी किया गया है।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 92 हजार पांच सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चौदह हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************